**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3976**
**19 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## अमृत के तहत पश्चिम बंगाल के लिए स्वीकृत परियोजनाएं

**3976. श्रीमती रचना बनर्जी:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वित्त वर्षों और वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन (अमृत) योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा पश्चिम बंगाल के लिए स्वीकृत और लंबित परियोजनाओं की जिलावार और वित्त वर्षवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त वित्त वर्षों के दौरान आबंटित निधियों का शीर्ष और वित्त वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक जारी की गई और उपयोग की गई नई निधियों तथा लंबित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क): पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अमृत पोर्टल पर दी गई सूचना के अनुसार, राज्य में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत 473 परियोजनाएं शुरू की गई हैं तथा इन परियोजनाओं के लिए 4,050.25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें 1,929.32 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता (सीए) शामिल है। इन परियोजनाओं में से, 2,970.15 करोड़ रुपये की लागत वाली 456 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा 1,080.10 करोड़ रुपये की लागत वाली 17 परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं। कुल 3951.26 करोड़ रुपये के कार्य भौतिक रूप से पूर्ण हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल राज्य में अमृत के तहत परियोजनाओं का जिला-वार विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

पश्चिम बंगाल में विगत 03 वित्तीय वर्षों के दौरान अमृत के तहत 75.7 करोड़ रुपये की लागत की नौ (09) परियोजनाएँ पूर्ण की गईं हैं। पश्चिम बंगाल राज्य में विगत 03 वर्षों में अमृत के तहत शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

(ख) और (ग): अमृत के तहत, निधियां मिशन की शुरुआत में आवंटित की जाती हैं, न कि वर्षवार। अमृत के तहत, परियोजनाओं के लिए 1,929.32 करोड़ रुपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता (सीए) में से,

1,905.39 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जिसके सापेक्ष राज्य ने 1,606.85 करोड़ रुपये के उपयोग की सूचना दी है। अमृत के तहत पश्चिम बंगाल राज्य में परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जारी की गई निधियां का वर्ष-वार विवरण नीचे दिया गया है:

(धनराशि करोड़ रुपये में)

| प्रतिबद्ध सीए | वित्तीय वर्ष | | | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | |
| 1929.32 | 110 | 128 | 147 | 445 | 153 | 246 | 675 | - | - | - | 1905.39 |

अमृत के तहत पश्चिम बंगाल में परियोजनाओं के लिए प्राप्त वर्ष-वार उपयोग प्रमाण-पत्र का विवरण:

(धनराशि करोड़ रूपये में)

| वित्तीय वर्ष | | | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | |
| 110.49 | 128.4 | 146.98 | 445.14 | 153.3 | 245.82 | 376.72 | - | - | - | 1606.49 |

------

"अमृत के तहत पश्चिम बंगाल के लिए स्वीकृत परियोजनाएं" के संबंध में 19.12.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3976 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I:

अमृत के तहत पश्चिम बंगाल में जिला-वार परियोजनाओं का विवरण

| क्र.सं. | ज़िला | शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | कार्यान्वयन के चरण में परियोजनाएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | पूर्ण हुआ भौतिक कार्य (करोड़ रुपये में) |
| 1 | बांकुड़ा | बांकुड़ा | 9 | 117.07 | 9 | 117.07 | | | |
| 2 | दक्षिण दिनाजपुर | बालुरघाट | 5 | 1.01 | 5 | 1.01 | | | |
| 3 | दार्जिलिंग | दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी | 18 | 206.8 | 17 | 1.96 | 1 | 204.84 | 174.11 |
| 4 | हावड़ा | हावड़ा और उलुबेरिया | 22 | 154.29 | 21 | 153.99 | 1 | 0.3 | 0.18 |
| 5 | हुगली | बैद्यबती , बांसबेरिया , भद्रेश्वर , चांपदानी , चंदननगर , हुगली- चिनसुराह , रिश्रा , सेरामपुर और उत्तरपारा कोटरुंग | 63 | 355.75 | 63 | 355.75 | | | |
| 6 | जलपाईगुड़ी | जलपाईगुड़ी | 7 | 149.85 | 6 | 76.18 | 1 | 73.67 | 62.62 |
| 7 | कोलकाता | कोलकाता | 21 | 128.70 | 19 | 127.44 | 2 | 1.26 | 0.83 |
| 8 | मालदा | इंग्लिश बाज़ार | 11 | 1.33 | 11 | 1.33 | | | |
| 9 | मुर्शिदाबाद | बहरामपुर और जंगीपुर | 12 | 107.57 | 10 | 2.45 | 2 | 105.12 | 99.51 |
| 10 | नादिया | कल्याणी, कृष्णानगर , नवद्वीप और शांतिपुर | 26 | 98.92 | 24 | 74.3 | 2 | 24.62 | 23.54 |
| 11 | उत्तर 24 परगना | अशोकनगर कल्याणगढ़, बारानगर, बारासात, बैरकपुर, बशीरहाट, भाटपारा, बिधान नगर, बोनगांव, दम दम, हाबडा, हलिसहर, कमरहाटी, कांचरापाड़ा, खरदाहा, | 168 | 1208.36 | 166 | 1130.33 | 2 | 78.03 | 68.68 |

| क्र.सं. | ज़िला | शहर | कुल परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | कार्यान्वयन के चरण में परियोजनाएं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) | पूर्ण हुआ भौतिक कार्य (करोड़ रुपये में) |
| | | नैहाटी, उत्तरी बैरकपुर मध्यमग्राम, उत्तरी दम दम, पानीहाटी, दक्षिणी दम दम और टीटागढ़ | | | | | | | |
| 12 | पश्चिम बर्धमान | आसनसोल और दुर्गापुर | 35 | 352.84 | 35 | 352.84 | | | |
| 13 | पश्चिम मेदिनीपुर | खड़गपुर और मेदिनीपुर | 20 | 183.62 | 19 | 62.37 | 1 | 121.25 | 109.13 |
| 14 | पूर्ब बर्धमान | बर्धमान | 14 | 279.08 | 14 | 279.08 | | | |
| 15 | पूर्व मेदिनीपुर जिला | हल्दिया | 8 | 81.26 | 7 | 1.26 | 1 | 80.00 | 76.80 |
| 16 | पुरुलिया | पुरुलिया | 5 | 0.98 | 3 | 0.66 | 2 | 0.32 | 0.13 |
| 17 | दक्षिण 24 परगना | महेशतला और राजपुर सोनारपुर | 24 | 621.7 | 22 | 231.01 | 2 | 390.69 | 365.58 |
| 18 | उत्तर दिनाजपुर | रायगंज | 5 | 1.12 | 5 | 1.12 | | | |
| कुल | | | 473 | 4050.25 | 456 | 2970.15 | 17 | 1080.1 | 981.11 |

“अमृत के तहत पश्चिम बंगाल के लिए स्वीकृत परियोजनाएं” के संबंध में 19.12.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3976 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-II:

<u>विगत 03 वर्षों के दौरान अमृत के तहत पश्चिम बंगाल में जिला-वार परियोजनाओं का विवरण</u>

| क्र.सं. | ज़िला | शहर | संख्या | लागत (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्ब बर्धमान | बर्धमान | 2 | 73.42 |
| 2 | दार्जिलिंग | दार्जिलिंग | 1 | 0.29 |
| 3 | हावड़ा | हावड़ा | 5 | 1.85 |
| 4 | उत्तर दिनाजपुर | रायगंज | 1 | 0.14 |
| कुल | | | 9 | 75.7 |

******